हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

सोमवार, 24 अगस्त, 2015/2 भाद्रपद, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 3

पंजीकृत भूतपूर्व सैनिक

795 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में सैनिक कल्याण बोर्ड हमीरपुर में कितने भूतपूर्व सैनिक पंजीकृत हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिकों में से कितनों को नौकरी दी गई है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इनको नौकरी क्या वरिष्ठता के आधार पर दी गई है; यदि हां, तो ब्यौरा वरिष्ठता सूची सहित दें ?

मन्दिरों में चोरी के मामले

817 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में जिला कुल्लू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न पुलिस थानो में किन-किन देवी देवताओं के मंदिरों में चोरी की घटनाएं घटित हुई और क्या-क्या वस्तुएं चोरी हुई; ब्यौरा दें;

(ख) इन चोरी की घटनाओं में पुलिस ने कितनी चोरियों में बरामदगी की और कितने चोर पकड़े गए;

(ग) कितने चोरों को माननीय न्यायालयों के द्वारा सजा दी गयी और कितने विभिन्न कारणों से रिहा हुए; और

(घ) कितने देवी देवताओं के मंदिरों की चोरी की वारदातों में पुलिस को कोई भी सफलता प्राप्त नहीं हुई; ब्यौरा दें ?

विकास कार्य हेतु धनराशि

830 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
श्री गोविन्द सिंह ठाकुर(मनाली) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू, कांगड़ा व सोलन में जनजातीय लोग वहां के स्थायी निवासी बन गए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने कोई सर्वेक्षण करवाया है कि कितने प्रतिशत लोग रहते हैं; और

(ग) सरकार क्या इन जिलों में जनजातीय लोगों की प्रतिशतता के आधार पर विकासात्मक कार्य हेतु धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा ,**
दिनांकः 13 अगस्त ,2015. **सचिव।**